प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 25.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान प्रवास के दौरान ओसाका शहर में आयोजित इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए।

2–राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए छत्तीसगढ़ के भी दो शिक्षकों का हुआ चयन।

3– दंतेवाड़ा जिले में फर्जी टेंडर जारी करने के आरोप में आदिवासी विकास विभाग के दो पूर्व सहायक आयुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

4–मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

<u>मुख्यमंत्री–जापान</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने जापान प्रवास के दौरान आज ओसाका शहर में आयोजित इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक संसाधनों, प्रतिभाशाली मानव बल और उद्योग–अनुकूल नीतियों का सशक्त संगम है। मुख्यमंत्री ने जापानी साझेदारों से आह्वान किया कि, कि वे नवाचार, अवसर और साझा समृद्धि से आगे बढ़ रही छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में भागीदार बनें।

मुख्यमंत्री ने आज जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो के भारत मंडपम में स्थापित छत्तीसगढ़ पैवेलियन का अवलोकन भी किया। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला, बुनाई, हस्तनिर्मित उत्पाद, हर्बल आइटम्स और पर्यटन स्थलों को झांकियों के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

<u>ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस</u>

प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर वीर विट्ठल भाई पटेल के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस आज संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। समापन दिवस के पहले सत्र में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार ने "विट्ठल भाई पटेलःभारतीय संविधान और विधाई संस्थानों के निर्माण में भूमिका" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

वहीं, दूसरे सत्र में केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने "कृत्रिम बुद्धिमत्ता में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा शासन पर भरोसा" विषय पर अपनी बात रखी।

इस कान्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–दो हजार पच्चीस के लिए देशभर से पैंतालीस शिक्षकों का चयन किया गया है, इनमें छत्तीसगढ़ के दो शिक्षक डॉक्टर प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं। इन शिक्षकों को आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित डॉक्टर प्रज्ञा सिंह वर्तमान में दुर्ग जिले में हनोदा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं। इस सम्मान के लिए चुने जाने पर डॉक्टर सिंह ने खुशी जताई और कहा कि यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कई वर्षों की मेहनत का परिणाम है।

वहीं, संतोष कुमार चौरसिया कोरबा जिले के सलोरा में स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यरत् हैं। श्री चौरसिया ने कहा कि वे किताबी ज्ञान की बजाय बच्चों को खेल–खेल में पढ़ाने का प्रयास करते हैं।

## मुख्य न्यायाधीश–बालिका संरक्षण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा है कि बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना केवल विधिक जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि नैतिक और संवैधानिक दायित्व भी है। श्री सिन्हा ने यह बात 'बालिका संरक्षण–भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' विषय पर बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में राज्य, राष्ट्रीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में बालिकाओं के विरुद्ध हिंसा तथा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के साथ–साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय की विशेष सेल फॉर पॉक्सो समिति और किशोर न्याय समिति की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सहयोग से किया गया था।

## स्कूल शिक्षा मंत्री–बैठक

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा है कि बच्चों को शिक्षित करना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता हैं। मंत्री ने आज मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र के हर स्कूल का निरीक्षण कर वहां की स्थिति की जानकारी रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा की नई तकनीक, नवाचार और आधुनिक शिक्षा पद्धति से अवगत कराएं।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख योजनाओं और उनकी प्रगति पर भी चर्चा हुई।

कर्मचारी डीए–आदेश

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग से जारी आदेश के अनुसार शासकीय कर्मचारियों के लिए आगामी एक सितंबर से सातवें वेतनमान में दो प्रतिशत और छठवें वेतनमान में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। जिससे अब महंगाई भत्ते की दर सातवें वेतनमान में पचपन प्रतिशत और छठवें वेतनमान में दो सौ बावन प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई भत्ते की राशि का भुगतान सितंबर महीने से किया जाएगा, जो कि अक्टूबर महीने में देय होगा।

पूर्व सहायक आयुक्त–गिरफ्तार

दंतेवाड़ा जिले में फर्जी टेंडर जारी करने के आरोप में आदिवासी विकास विभाग के दो पूर्व सहायक आयुक्त डॉक्टर आनंद सिंह और के.एस. मसराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दंतेवाड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों को रायपुर और जगदलपुर से गिरफ्तार कर दंतेवाड़ा कोर्ट में पेश किया।

जानकारी के मुताबिक शिकायत मिलने पर जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पांच सदस्यीय जांच टीम गठित कर आदिम जाति विभाग में बीते पांच सालों के दौरान डीएमएफ मद से कराए गए कार्यों की जांच कराई। जांच रिपोर्ट में पता चला कि दोनों पूर्व अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान लिपिक संजय कोडोपी के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज से पैंतालीस फर्जी टेंडर निकलवाए। आरोप है कि उन्होंने डीएमएफ फंड में करोड़ों रूपए का घोटाला किया। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद क्लर्क संजय कोडोपी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

एमबीबीएस–काउंसलिंग स्पष्टीकरण

राज्य में एमबीबीएस काउंसलिंग–राज्य कोटे को लेकर पात्रता सूची और आवंटन सूची में अंतर पर चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, रायपुर ने स्पष्ट किया है कि यह अंतर पूरी तरह नियमों और प्रक्रिया पर आधारित है। विभाग की ओर से बताया गया है कि राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसी–एनटीए की ओर से जारी पात्रता सूची केवल अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए एलिजिबिलिटी स्टेट पर आधारित होती है। इस सूची में मूल निवास प्रमाण पत्र शामिल नहीं होता। जबकि राज्य अपनी अलग मेरिट लिस्ट आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र और राज्य की शर्तों के अनुसार तैयार करता है।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की काउंसलिंग भी चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, रायपुर इन्हीं नियमों के अनुसार करता है।

गौरतलब है कि एमबीबीएस काउंसलिंग का दूसरा चरण सत्ताईस अगस्त से शुरू होगा।

ऑनलाइन गेमिंग रोक–आभार

महिला बाल विकास और समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ऑनलाइन गेमिंग पर रोक को लेकर संसद में पारित बिल के लिए प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बिल की मदद से बच्चों को जीवन में सही मार्ग पर आगे बढ़ने की शिक्षा मिलेगी।

नदी–हादसा

दंतेवाड़ा जिले के गीदम क्षेत्र में इंद्रावती नदी में नाव पलटने से एक ग्रामीण बह गया है। लापता युवक की तलाश जारी है। जबकि नाव में सवार चार अन्य लोग तैरकर नदी से बाहर निकलने में कामयाब रहे। बताया जाता है कि गिरसपारा गुमलनार के रहने वाले पांच युवक लकड़ी की नाव से नदी पार कर रहे थे। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और बहाव भी अधिक है, बीचो–बीच पहुंचने के बाद उनकी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। बीते दो महीनों के दौरान इस नदी में नाव पलटने की यह दूसरी घटना है।

हरितालिका तीज

प्रदेश में कल हरितालिका तीज या तीजा का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर सुहागिन महिलाएं व्रत रखेंगी और मान्यता के अनुसार भगवान शिव तथा माता पार्वती की आराधना करेंगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने हरितालिका तीज की शुभकामनाएं देते हुए सभी तीजहारिन माताओं और बहनों के सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

बैंक–वित्तीय समावेशन अभियान

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय समावेशन को नई गति देने के लिए प्रदेश में तीन महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। आज रायपुर में बैंक ने रिटेल क्रेडिट कैम्प का आयोजन कर पांच सौ सत्तर लाभार्थियों को बावन करोड़ रूपए की राशि वितरित की। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक डी.एस. राठौर और रायपुर की महापौर मीनल चौबे मौजूद थी।

मौसम
पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से बस्तर संभाग और उससे लगे जिले होंगे। मौसम विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश में बने कम दबाव के क्षेत्र के असर से राज्य में बारिश की स्थिति बन रही है। इस बीच, राजधानी रायपुर के अलावा प्रदेश के अन्य शहरों में आज दिनभर बदली छाई रही और कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई।

संक्षिप्त समाचार
और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

–शराब घोटाले और मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की जमानत याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को लेकर नई याचिका दायर करने की छूट दी है।

–कबीरधाम जिले में रणवीरपुर चौकी के कोहड़िया गांव में बीती रात खेत में लगाए गए हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मृत्यु हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>